आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 31.10.2024
समय : 0705

<><><><><><><>

- रोशनी का पर्व दीपावली आज मनाई जा रही है–उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने द्वीपवासियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कामना की है यह पर्व सभी के जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आएं।
- दीपावली का पर्व मनाए जाने के सिलसिले में लोगों के लिए परामर्श जारी किया गया है।
- लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज द्वीपों के विभिन्न भागों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।
- दीपावली का पर्व मनाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अंडमान निकोबार कमान का दौरा किया।
- उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल नई दिल्ली में कैबिनेट सचिव टी वी सोमनाथन से मुलाकात की।

<><><><><><>

बुराई पर अच्छाई और अन्याय पर न्याय की जीत का पर्व दीपावली आज मनाई जा रही है। इस अवसर पर अपने संदेश में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने सभी द्वीपवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रोशनी का यह त्यौहार अन्धकार पर प्रकाश और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। यह त्यौहार हमारे द्वीपों में सामाजिक, सदभाव और भाईचारे की भावना को और मजबूत करेगा। उन्होंने कामना की है कि यह त्यौहार सभी द्वीपवसियों के जीवन में खुशियां लाएं और यह द्वीप शांति और समृद्धि के पथ पर आगे बढ़ते रहे। सांसद बिष्णु पद रे ने भी दीपावली के शुभ अवसर पर सभी द्वीपवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिवाली सभी के जीवन में एक नई शुरूआत के साथ–साथ आशा और सफलता लेकर आए। उन्होंने सभी द्वीपवासियों के सुख और उनकी समृद्धि की कामना की है। पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी अपनी शुभकामना संदेश में कहा कि दीपावली का त्यौहार सभी द्वीपवासियों के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। प्रदेश कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष रंगलाल हलदार ने अपने संदेश में अन्धकार को मिटाते हुए रोशनी की ओर बढ़ने की कामना की है। भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य विशाल जॉली और कांग्रेस

पार्टी के प्रचार समिति के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने भी द्वीपवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकमानाएं दी है।

<><><><><><><>

रोशनी का पर्व दीपावली आज मनाया जा रहा है। इस सिलसिले में आज घरों में लक्ष्मी पूजन की जाएगी। दीपावली के पर्व को देखते हुए घरों को भी रोशनियों से सजाया गया है। रंग–रोगन किया गया है और बड़े पैमाने पर घरों और आस–पास के इलाकों में साफ–सफाई की गई है। रोशनी के इस पर्व को मनाने के लिए अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति के सचिव ए एस पी एस रवि प्रकाश ने द्वीपवासियों से सुरक्षित दीपावली मनाने की अपील करते हुए कहा कि रात्रि आठ बजे से लेकर दस बजे तक ही आतिशबाज़ी करें। लोगों से कम धुंए वाले तथा हरित पटाखों को जलाने को कहा है। भारी आवाज़ वाले पटाखों को न जलाने तथा अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों और प्रार्थना स्थलों पर पटाखे न जलाने को कहा है। सड़कों पर पटाखे न जलाने तथा खुले में इसका उपयोग करने को कहा और चलते वाहनों पर भी पटाखे नहीं फेंकने को कहा है।

<><><><><><><>

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आज द्वीपसमूह में कार्यक्रमों के आयोजन किए गए हैं। आज शाम साढ़े तीन बजे डूगोंग अतिथि गृह से फ्लैग प्वाइंट तक राष्ट्रीय दिवस परेड का आयोजन किया जाएगा। इसे देखते हुए आज दिन में ढाई बजे के बाद धर्मशाला, फ्लैग प्वाइंट, आर के मिशन और गर्ल्स स्कूल से किसी भी दिशा से वाहनों को आने–जाने की अनुमति नहीं होगी। फ्लैग प्वाइंट जाने वाले वाहनों को शादीपुर के रास्ते और आर के मिशन जाने वालों को मच्छी लाईन के रास्ते तक गर्ल्स स्कूल की ओर जाने वाले वाहनों को स्काउट हट से स्टेडियम मार्ग का उपयोग करना होगा। किसी भी वाहन को गर्ल्स स्कूल, धर्मशाला, जे एन आर एम और फ्लैग प्वाइंट में पार्क करने की अनुमति नहीं होगी।

उधर, खेल और युवा मामलों विभाग की ओर से आज नेताजी स्टेडियम से राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। सभी कार्यालयों और स्थानीय निकायों में दिन में ग्यारह बजे राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई जाएगी।

<><><><><><><>

जम्मू–कश्मीर और लद्दाख आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर द्वीपों के उप–राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में रहने वाले इन प्रदेशों के लोगों को अपनी शुभकामनाएं

दी हैं। उप–राज्यपाल ने कहा कि अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह सहित जम्मू–कश्मीर और लद्दाख को एक अदभुत चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। हमारी प्रगति, एकता और एकजुटता हमें हमेशा प्रेरित करते रहता है। उप–राज्यपाल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के सिद्धान्त को हमेशा कायम रखने और इसे मजबूती प्रदान की भी कामना की है। उन्होंने इतिहास को संजोए रखते हुए एक उज्जवल भविष्य के लिए एक साथ जुड़ने की कामना की है।

<><><><><><>

दीपावली का पर्व मनाने के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने अंडमान निकोबार कमान का दौरा किया। श्री विजयपुरम पहुंचने पर कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालकृष्णन ने उनका स्वागत किया। जनरल अनिल चौहान ने टेबल टॉप अभ्यास के दौरान द्वीपसमूह की रक्षा में कमान की तैयारियों की समीक्षा की। बाद में जनरल अनिल चौहान ने सैन्य बलों और उनके परिवारों के साथ दिवाली मनाई। उन्होंने सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों के साथ बातचीत की और राष्ट्रीय हितों की रक्षा में कमान के कर्मियों के समर्पण और अटूट प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के ऐतिहासिक आगमन के स्थान संकल्प स्मारक का भी दौरा किया। संकल्प स्मारक पर जाकर उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय सेना के सैनिकों के बलिदान का सम्मान करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कमान का दौरा समाप्त कर वे मुख्य भूमि वापस लौट गए।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना में विशेष व्यवस्था करते हुए सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को मुफ़्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से सभी वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। श्री मोदी ने कहा कि वंचित वर्गों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए उनकी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत सरकार गरीबों को अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने के लिए पांच लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने संतोष व्यक्त किया कि इस योजना से लगभग चार करोड़ गरीब परिवारों ने निशुल्क लाभ प्राप्त किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वे देशभर में आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों से मिलते हैं, तो उन्हें संतोष होता है कि यह योजना प्रत्येक नागरिक के लिए वरदान सिद्ध हुई है। श्री मोदी ने कहा कि सत्तर वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस योजना के अंतर्गत आयुष्मान वंदना कार्ड के माध्यम से चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह कार्ड सबके लिए है, जिसमें आय के आधार पर गरीब, मध्यम तथा उच्च वर्ग के लोगों के बीच कोई भेदभाव नहीं है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने कल नई दिल्ली में कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन से मुलाकात की। इस दौरान एजेंसी के माध्यम से संचालित किए जा रहे अंडमान निकोबार प्रशासन के बुनियादी ढांचे, पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्रों की बड़ी परियोजनाओं पर बातचीत की। इसके अलावा द्वीपसमूह की सामरिक महत्व से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं से संबंधित अंतर–एजेंसी समन्वय मुद्दों के शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर भी चर्चा की।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में विभिन्न ट्रेडों में अल्पावधि कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। सिलाई, कम्प्यूटर और शॉर्ट हैंड इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए कॉलेज की ओर से विशेषज्ञ प्रशिक्षुओं की नियुक्ति की जाएगी, जो उम्मीदवारों को प्रशिक्षण प्रदान कर सके। ऐसे प्रशिक्षकों के लिए मानदेय भी निर्धारित किया गया है। कम्प्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए आयु सीमा चालीस वर्ष निर्धारित की गई है और चयनित इंस्ट्रक्टर को तीस हजार रूपये का मानदेय दिया जाएगा। टेलरिंग और शॉर्ट हैंड इंस्ट्रक्टर के लिए भी आयु सीमा चालीस वर्ष होगी और इन्हें पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये का मानदेय मिलेगा। आवेदन फार्म कॉलेज और प्रशासन की वेबसाइट से डाउनलोड कर इसे बीस नवम्बर की शाम चार बजे तक कॉलेज में जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

केन्द्रीय विद्यालय नम्बर दो के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के शोध के बारे में जानकारी देने के लिए इनके लिए क्यारी का अध्ययन दौरा आयोजित किया गया। एक सौ से अधिक विद्यार्थियों को क्यारी में समन्वित कृषि प्रणाली, मत्स्यकी और फसल विज्ञान गतिविधियों की जानकारी दी गई। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. टी. सुब्रहमणि ने जैविक कृषि, वाटर शेड प्रबंधन के बारे में बताया। अन्य वैज्ञानिकों ने अपने–अपने क्षेत्र के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। वैज्ञानिक डी. करूणाकरन ने द्वीपों में कृषि को बढ़ावा देने के लिए क्यारी की भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

पुलिस स्मृति दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस और पुलिस झंडा दिवस के सिलसिले में निकोबार ज़िला पुलिस की ओर से सभी पुलिस थानों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार निकोबार, कच्छाल और तेरेसा पुलिस थानों में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसके अलावा कैम्पबेल बे सहित अन्य पुलिस थानों में स्वच्छता और वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। सिगरेट और तम्बाकू के दुष्परिणामों तथा नशाखोरी से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूली विद्यार्थियों को गुड

टच–बैड टच के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के पुलिस स्टेशनों का दौरा कराया गया और पुलिस की कार्रवाई के बारे में उन्हें जानकारी दी गई।

<><><><><><><>